मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 43 ■ अंक : 47 ■ रविवार, 27 अप्रैल 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

'पाकिस्तान भी जवाब देगा, शांत नहीं बैठेगा'

# ठाणे जिले में 15 स्कूल अनाधिकृत

## शिक्षा अधिकारी ने सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही प्रवेश लेने की अपील की

■ **जिला परिषद ने जारी की सूची**





**ठाणे.** शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) बालासाहेब राक्षे ने विद्यार्थियों से शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश लेते समय सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में प्रवेश लेने की अपील की है। यह देखा गया है कि ठाणे जिला परिषद के अधिकार क्षेत्र में कुछ अनधिकृत स्कूल बिना सरकारी अनुमति के चल रहे हैं। प्रशासन ने 15 अनधिकृत स्कूलों की सूची जारी की है। चूंकि ये अनधिकृत स्कूल राज्य शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई, आईबी आदि जैसे प्रतिष्ठित बोर्डों के नाम पर आकर्षक विज्ञापन दे रहे हैं, इसलिए अभिभावकों के साथ धोखाधड़ी होने का खतरा बढ़ गया है।

अभिभावकों को नामांकन से पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि स्कूल उनके बच्चे के शैक्षिक भविष्य के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित है। शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) बालासाहेब रक्से ने चेतावनी दी है कि अनधिकृत स्कूलों में नामांकन से होने वाली शैक्षणिक हानि के लिए अभिभावक स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील की है। प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि ठाणे जिला परिषद के अधिकार क्षेत्र में कोई भी अनधिकृत स्कूल खुला न रहे। इसके अलावा, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत अनाधिकृत स्कूलों के विरुद्ध दंडात्मक एवं आपराधिक कार्रवाई की जा रही है।

### अनाधिकृत स्कूलों की सूची

1) अनिरुध्द हायस्कूल, व ज्यूनिअर कॉलेज कात्रप पनवेल हायवे बदलापुर (पू.)
2) श्री. चैतन्य टेक्नो स्कूल सर्व्हे नं. 77, आर्यन 1 ढाणेकर शिरगाव बदलापुर (पू)
3) स्टार लाईटस इंटरनॅशनल स्कूल सोनिवली गांव, बदलापुर (प.)
4) नेसम इंग्लिश मिडीयम स्कुल, कडसावरे गांव, वांगणी (प.)
5) रुद्र इंटरनॅशनल स्कूल, डोणे, वांगणी (प)
6) नवजीवन इंटरनॅशनला स्कूल, वांगणी (प)
7) जी. के. इंग्रजी हायस्कूल, मु. पो. खडवली, ता. कल्याण, जि. ठाणे
8) लिओ हायस्कूल, काल्हेर, ता. भिवंडी, जि. ठाणे,
9) नॅशनल इंग्लिश स्कूल, दापोडे, ता. भिवंडी, जि. ठाणे.
10) श्री. चैतन्य टेक्नो स्कूल सोनाळे, ता. भिवंडी, जि. ठाणे.
11) विद्याप्रबोधनी इंग्लिश मिडीयम स्कूल झिडके (अंबाडी), ता. भिवंडी, जि. ठाणे.
12) डिझाईन ग्रेस हायस्कूल वज्रेश्वरी, ता. भिवंडी, जि. ठाणे.
13) विनर्स इंग्लिश स्कूल, कांबे, ता. भिवंडी जि.ठाणे.
14) अग्निमाता इंग्लिश स्कूल, पिंपळास, ता. भिवंडी, जि. ठाणे-
15) आर.एन. इंग्लिश स्कूल, कोन, ता. भिवंडी, जि. ठाणे.

# बदलापुर के मुख्याधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग



■ **पहलगाम हमले के बाद जश्न मनाया**
■ **कर्मचारियों ने डांस किया**
■ **बदलापुर नपा का 33वां वर्धापन दिन डांस करके मनाया**

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** पहलगाम हमले में 28 निष्पाप देशवासियों की जानें गईं, पूरे देश में लोग दुख मना रहे हैं. श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है, तो दूसरी ओर बदलापुर के मुख्याधिकारी एवं कर्मचारी नगर परिषद का 33वां वर्धापन दिन में नाच-गाकर जश्न मना रहे हैं. ऐसे खबर एवं सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें साफ देखा जा रहा है कि बदलापुर नपा के मुख्याधिकारी मारुति गायकवाड़ एक गाने पर ताली बजाकर जश्न मना रहे हैं और महिला, पुरुष, कर्मचारी डांस कर रहे हैं. मुख्याधिकारी मारुति गायकवाड़ के इस शर्मनाम कृत्य की लोग भर्त्सना करते हुए निषेध व्यक्त कर रहे हैं. गायकवाड़ ने क्या ठाणे जिलाधिकारी से इस कार्यक्रम की अनुमति ली थी. अगर नहीं तो मुख्याधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की जा रही है. नगर परिषद का वर्धापन दिन कार्यक्रम एक महिने के बाद भी किया जा सकता था. मुख्याधिकारी को इतनी जल्दी क्या थी. पहलगाम के निष्पापों की मौत को एक हफ्ता भी नहीं हुआ. श्रद्धांजलि अर्पित करने के बजाय एक बड़े अधिकारी का इस तरह जश्न मनाना, उनके सामने गाना बजाना, कर्मचारियों का डांस करना ये बिल्कुल भी सही नहीं है. मुख्याधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग अब जोर पकड़ती जा रही है.

# पहलगाम हमले के विरोध में कल अंबरनाथ बंद

■ **कांग्रेस ने की बंद की अपील**



**अंबरनाथ.** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 27 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध में अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस की ओर से 28 अप्रैल सोमवार को अंबरनाथ बंद का आह्वान किया गया है. ब्लॉक कांग्रेस की एक बैठक का आयोजन अध्यक्ष एड. कृष्णा रसाल पाटिल की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय में किया गया, जिसमें पाटिल ने पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने का प्रस्ताव रखा. उपस्थित कांग्रेसी नेताओं ने दो मिनट मौन रखकर मासूम मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की. पाटिल ने कहा कि ऐसे अमन और इंसानियत के दुश्मनों के खिलाफ सरकार ने सख्त कार्रवाई करे. उन्होंने बताया कि सभी सामाजिक संघटनों, रिक्शा यूनियन, अंबरनाथ व्यापारी संघ अध्यक्ष, महताड़ी कामगार संघटनों को पत्र देकर अंबरनाथ बंद में शामिल होने की अपील की गई है. उपाध्यक्ष गोपाल राय ने भी इस कायराना हमले की सख्त शब्दों में निषेध व्यक्त किया है और कहा है कि जिस प्रकार आतंकवादियों ने मासूमों के साथ बर्ताव किया है, वैसा ही बर्ताव सरकार ने आतंकवादियों के साथ करके सख्त से सख्त सजा दे. कांग्रेस के महासचिव रोहित प्रजापति ने भी सभी से अपील की है कि अंबरनाथ बंद में शामिल हों.

# उल्हासनगर में अवैध निर्माण पर 'हथौड़ा'

■ **अदालत के आदेश पर मकान और दुकानें ध्वस्त**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में अवैध निर्माणों की बढ़ती संख्या के खिलाफ महानगरपालिका ने आखिरकार कार्रवाई की है। मनपा के अतिक्रमण निष्कासन विभाग ने पुलिस बल के साथ बेवस चौक के बैरक 214 क्षेत्र में बनाए गए अनाधिकृत आरसीसी ढांचों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। बॉम्बे उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद 10 से अधिक मकान और दुकानें ध्वस्त कर दी गईं। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में धूल और अशांति का माहौल फैल गया।

इस क्षेत्र में कुछ महीनों से अनाधिकृत आरसीसी निर्माण कार्य चल रहा है। स्थानीय नागरिकों ने इसे गंभीरता से लिया और मुंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। अदालत ने निर्माण को अवैध घोषित कर दिया।

मनपा को तत्काल बेदखली की कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। उक्त आदेश के कार्यान्वयन के तहत, बुधवार की सुबह नगरपालिका कर्मचारियों, भारी मशीनरी और कड़ी पुलिस सुरक्षा की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की गई।

कार्रवाई के दौरान मनपा की अतिक्रमण निष्कासन विभाग की टीम ने मकानों की छतों, दीवारों और आरसीसी संरचनाओं को ध्वस्त करने का काम शुरू किया। वार्ड अधिकारी अलका पवार और गणेश शिम्पी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जा रही है और इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि पूरा निर्माण बिना किसी दबाव के बेदखल कर दिया जाए। भविष्य में अन्य अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से शहर में अनाधिकृत निर्माण में संलिप्त निर्माण पेशेवरों में हड़कंप मच गया है और प्रशासन की इस कार्रवाई ने एक बार फिर कानून की सर्वोच्चता को उजागर किया है।

# पुराने विवाद में युवक पर हमला

■ **तीन युवकों ने की पिटाई**
■ **घायल युवक अस्पताल में भर्ती**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में पुराने विवाद को लेकर तीन लोगों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। हितेश नागरानी उल्हासनगर 2 स्थित झूलेलाल स्कूल के पास रहता हैं। जब वह घर जा रहे था, तो झूलेलाल मंदिर के पास धीरज रोहरा, योगी और उनके एक दोस्त ने उन्हें रोका और कहा, ₹हमारे साथ चलो, हम तुम्हें एक वीडियो दिखाएंगे।₹ हितेश ने कहा, ₹मैं घर जाऊंगा।₹ लेकिन वे तीनों उसे जबरन हेमराज डेयरी ले गए और पुराने विवाद को ध्यान में रखते हुए तीनों ने लकड़ी बांबू और बेल्ट से हितेश की बेरहमी से पिटाई की। हितेश खुद को बचाने के लिए वहां से भाग गया। घायल हितेश को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

# मटका चालक विक्की उज्जैनवाल द्वारा युवक पर जानलेवा हमला

■ **युवक गंभीर रूप से घायल**
■ **आखिर कब बंद होगा मटका अड्डा**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 क्षेत्र में आज भी धड़ल्ले से जुआ व मटका के अड्डे चल रहे हैं। उल्हासनगर-2 स्थित नेहरू चौक जापानी बाजार मच्छी मार्केट के पास मटका चालक विक्की उज्जैनवाल व उनके साथियों द्वारा इमली पाड़ा निवासी पवन ढिलोर पर जानलेवा हमला किया गया है। पवन पर हालत नाजुक बताई गई है। ढिलोर के परिजनों ने बताया कि विक्की के साथ सुधीर सिंग, विनय लबाना, ओमकार सुर्वे, नितिन बिना, चिंटू खलीफा, बेलर, अनिकेत खेरालिया ने यह हमला किया है। उनका आरोप है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। हमलावरों से पुरानी रंजिश को लेकर उसे मारा गया है। पुलिस से मांग है कि इस अड्डे को तुरंत बंद करवाएं और आरोपियों को गिरफ्तार करें।

000

# निजी बस फ्लाईओवर के खंभे से टकराई

■ **लड़की की मौत; 10 लोग घायल**



**भिवंडी.** भिवंडी में एक निजी बस के फ्लाईओवर के खंभे से टकराने से एक लड़की की मौत हो गई और कम से कम 10 लोग घायल हो गए। आईजीएम अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद इजहार अंसारी कहते हैं कि ब्रेक फेल होने के कारण एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अब तक 10 लोग अस्पताल आ चुके हैं, जिनमें से एक लड़की की मौत हो गई है और बाकी का इलाज चल रहा है।

# मुसलमानों ने पहलगाम हमले के निषेध में किया प्रदर्शन

■ **जुमा की नमाज के बाद मस्जिद के बाहर प्रदर्शन**




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में जुम्मा की नमाज के बाद मुसलमानों ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के निषेध में जोरदार प्रदर्शन किया. मदीना मस्जिद के बाहर अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट अध्यक्ष सलीम चौधरी, आरिफ काझी के नितृत्व में जामा मस्जिद के बाहर बिस्मिल्ला शेख और दर्गा मस्जिद के बाहर यूसुफ शेख, इमरान शेख, गनी पीरजादे, चांद शेख के नेतृत्व में सैकड़ों मुसलमानों ने प्रदर्शन करते हुए आंतकवाद मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लाए.

सलीम चौधरी ने सरकार से मांग की है कि आंतकवादियों को अब मिट्टी में मिला देने का समय आ गया है. उन्होंने बताया कि मुस्लिम जमात की तरफ से तहसीलदार को एक पत्र देकर कहा गया है कि इस पत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाया जाए.

पत्र में आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है ताकि वह दोबारा ऐसा कदम ना उठा सके. आरिफ काझी ने कहा कि आंतकवादियों का ये कायराना हमला ता, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है. अंबरनाथ शहर में जगह-जगह पहलगाम हमले के निषेध में प्रदर्शन किए जा रहे हैं. शिवसेना के विकास सोमेश्वर और उनके साथियों, भाजपा के गुलाब करंजुले, सुजाता भोईर, अंबरनाथ व्यापारी संघ अध्यक्ष खानजी धल, अन्य पक्षों, सामाजिक संघटनाओं द्वारा निषेध प्रदर्शन किए गए हैं.

# अंबरनाथ गोलीकांड की SIT जांच हो!

■ **विधायक किसन कथोरे ने की मांग**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधायक किसन कथोरे ने अंबरनाथ में व्यवसायी विश्वनाथ पनवेलकर के बंगले पर हुई गोलीबारी की घटना की एसआईटी जांच की मांग की है।

पुलिस ने अंबरनाथ में व्यवसायी विश्वनाथ पनवेलकर के घर पर हुए हमले के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमले के पीछे क्या कारण था। दूसरी ओर, हमले के बाद व्यापारी विश्वनाथ पनवेलकर ने इस मामले में विधायक किसन कथोरे पर उंगली उठाई। हालांकि, किसन कथोरे ने इन आरोपों से इनकार किया है।

इसके बाद किसन कथोरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर मामले की एसआईटी जांच की मांग की। यह महत्वपूर्ण है कि पनवेलकर द्वारा लगाए गए आरोपों की विशेष जांच दल द्वारा जांच की जाए और मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोग मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों की सच्चाई को समझें। इस गंभीर आरोप की जांच मेरे राजनीतिक और सामाजिक जीवन के लिए भी आवश्यक है। जनता में मेरी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। इसलिए, एसआईटी का गठन कर निष्पक्ष जांच करना उचित होगा, ऐसा विधायक किसन कथोरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सौंपे गए एक बयान में कहा।

# अंबरनाथ आरक्षण केंद्र दलालों के कब्जे में

■ **पूर्व नगरसेवक ने लगाया आरोप**
■ **DRM को दिया पत्र**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ रेल आरक्षण केंद्र दलालों के लिए कमाने का अड्डा बन गया है. आरक्षण केंद्र के कुछ कर्मचारियों एवं दलालों की मिलीभगत के कारण दो-दो दिन पहले नंबर पर खड़े आम आदमी को आरक्षण टिकट नहीं मिल रहा है. ऐसा आरोप पूर्व नगरसेवक सुरेंद्र यादव ने लगाते हुए मध्य रेल के डीआरएम को पत्र देकर इसकी जांच करके दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया है कि दलालों के मार्फत ज्यादा पैसे देकर टिकट उपलब्ध हो जाता है. लेकिन आम नागरिक रात-रात भर कतार में खड़ा हो तो उसे टिकट उपलब्ध नहीं होता. उन्होंने डीआरएम को कुछ दलालों के नाम भी दिए हैं. यादव ने ये भी आरोप लगाया है कि जब विजिलेंस की टीम कार्रवाई करती है तो ये दलाल भाग खड़े होते हैं. इन दलालों को अगर रेलवे प्रशासन ने पकड़ा तो ये राज खुलेगा कि रेल टिकटों की दलाली में आरक्षण केंद्र के कौन-कौन से कर्मचारी मिले हुए हैं. स्कूली बच्चों की छुट्टियां होने के कारण यूपी-बिहार व अन्य ठिकानों पर जाने वाले दो-दो दिन लाइन में खड़े होने के बावजूद उन्हें टिकट नहीं मिलता लेकिन दलाल मार्फत टिकट मिल जाता है. ऐसा आरोप सुरेंद्र यादव ने लगाया है, जो कि बहुत ही गंभीर आरोप है. डीआरएम ने इसकी जांच करके आरक्षण केंद्र को दलालों से छुटकारा दिलाकर आम आदमी को राहत दे. ऐसा पत्र में कहा गया है.

# अवैध टपरियों को नपा ने हटाने का नोटिस दिया



■ **24 घंटे में हटाओ नहीं तो कार्रवाई, नहीं तो प्रहार पक्ष धरना देगा**

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद अतिक्रमण विभाग में शहर पश्चिम के गैबन शाह वली सड़क पर अवैध रूप से लगाई गई टपरियों, स्टॉलों को नोटिस जारी किया है कि 24 घंटे के भीतर अपनी टपरियों स्टॉलों को स्वतः हटा लें नहीं तो कार्रवाई की जाएगी.

विदित हो कि इस सड़क पर शुक्रवार को जुम्मा बाजार भी लगता है, जिसके कारण यहां पर ट्रैफिक जाम हो जाता है. सड़क के पास में ही अग्निशमन दल केंद्र भी है. अवैध फेरीवाले, अग्निशमन के वाहनों, एम्बुलेंस दल केंद्र भी है. अवैध फेरीवाले अग्निशमन की वाहनों, एम्बुलेंस यहां तक कि स्कूली बसों को तक रास्ता नहीं छोड़ते हैं. किसी दिन खतरनाक हादसा हो सकता है. यहां की अवैध टपरियों, स्टॉलों एवं जुम्मा के दिन सड़क पर लगने वाले अवैध बाजार पर कार्रवाई करने की मांग प्रहार पक्ष के अध्यक्ष आलम खान ने की है. इस संबंध में हमने विस्तार से खबर प्रकाशित करने के बाद अंबरनाथ नगर परिषद ने अब कार्रवाई करने का मन बना लिया है. नोटिस देने के बाद यहां पर नगर परिषद बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है.

अगर नपा अतिक्रमण विभाग ने कार्रवाई नहीं की तो नपा कार्यालय के समक्ष धरने देने की तैयारी प्रहार पक्ष अध्यक्ष आलम खान ने कर ली है.

# खुलेआम चल रहे हैं जुआ, मटका, देशी शराब की बिक्री और नशे के अड्डे

■ **ठाणे पुलिस आयुक्त के समक्ष शिकायत दर्ज कराएंगे जागरूक नागरिक**



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली शहर के विभिन्न पुलिस थानों की सीमा में जुआ, मटका, देशी शराब की बिक्री और नशे के अड्डे खुलेआम चल रहे हैं। प्रमुख चौराहों, चौकियों, स्कूल और कॉलेज परिसरों तथा गली-मोहल्लों में जुआ, मटका और नशे के अड्डे बड़े पैमाने पर चल रहे हैं और छात्र और युवा इसके शिकार हो रहे हैं। भले ही कल्याण के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के आदेश दिए हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस उनके आदेशों की धज्जियां उड़ा रही है। यानी उनके आदेश को ठेगा दिखा रही है।

कल्याण जोन-3 के अंतर्गत आने वाले आठों पुलिस थानों की सीमा में दिनदहाड़े विभिन्न अवैध गतिविधियां चल रही हैं और कल्याण-पश्चिम स्टेशन क्षेत्र, डोंबिवली टाटा पॉवर नाका, रामनगर, मानपाड़ा और डोंबिवली पूर्व-पश्चिम स्टेशन क्षेत्रों में जुआ, मटके का अड्डा और नशीली दवाओं की बिक्री खुलेआम हो रही है। दिलचस्प बात यह है कि कुछ अड्डे पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर हैं। नागरिकों द्वारा इन अवैध अड्डों को तत्काल बंद करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर मामला दर्ज करने की मांग के बावजूद पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

### पुलिस स्टेशन के पास ही चल रहा गोरखधंधा

रामनगर पुलिस स्टेशन से थोड़ी ही दूरी पर डोंबिवली-पूर्व रेलवे स्टेशन के सामने एक इमारत की दूसरी मंजिल पर दिनदहाड़े मटके का धंधा चल रहा है। कल्याण-पश्चिम स्टेशन क्षेत्र और मानपाड़ा पुलिस स्टेशन की सीमा में टाटा पॉवर नाका पर दिन में ही मटके और ड्रग्स के अड्डे संचालित हो रहे हैं। इन ठिकानों की पूरी जानकारी होने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर नागरिक आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं।



### ठाणे कमिश्नर से शिकायत

कुछ जागरूक नागरिकों ने बताया कि कल्याण के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे के ऐसे ठिकानों को बंद करने के स्पष्ट आदेश के बावजूद नागरिक, व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता जल्द ही ठाणे पुलिस आयुक्त के समक्ष सीधे शिकायत दर्ज कराएंगे, क्योंकि स्थानीय पुलिस उनकी अनदेखी कर रही है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## विकास दर की गिरावट पर विश्व बैंक की चेतावनी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और आर्थिक सहयोग विकास संगठन के बाद विश्व बैंक ने जिस तरह भारत के वृद्धि अनुमान में 0.5 फीसद तक की कटौती की है, उससे बहुत निराश होने की जरूरत नहीं है। मगर सवाल यह है कि जब हम भारत को अगले कुछ वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे कर रहे हैं, तो आखिर क्या वजह है कि वृद्धि अनुमान बार-बार डगमगाते दिखते हैं।

यह सच है अमेरिका की नई व्यापार नीति के बाद छिड़े शुल्क संग्राम के बीच दुनियाभर में अनिश्चितता का माहौल है। चीन से उसका टकराव बढ़ने से स्थितियां बिगड़ी ही हैं। वहीं पिछले एक दशक में आए कई झटकों की वजह से पूरे दक्षिण एशिया के देशों के पास मौजूदा वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए सीमित उपाय ही हैं।

इस बीच वैश्विक एजंसियों ने भारत का वृद्धि अनुमान घटा कर एक तरह से हमें सचेत किया है। हालांकि यह उम्मीद अब भी है कि देश तेजी से बढ़ रही दुनिया का प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा और वैश्विक स्तर पर आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ने पर भी भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.2-6.7 की दर से बढ़ सकती है। रिजर्व बैंक को भी उम्मीद है कि अर्थव्यवस्था इसी दर से बढ़ती रहेगी।

भारत के आर्थिक विकास में गिरावट की जो वजहें बताई जा रही हैं, उनमें नीतिगत अनिश्चितता तो है ही, वहीं सार्वजनिक पूंजी निवेश भी घटा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में हम उम्मीद से कम विकास कर पाए हैं, तो इसे गंभीरता से लेना होगा। उद्योग, कृषि-व्यापार और कई क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के दौरान हमें यह भी देखना होगा कि विकास के क्रम में अगर आम आदमी पीछे छूट रहा है, तो इसका क्या कारण है।

चिंता की बात है कि उपभोग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए करों में कटौती और कई बदलावों के बावजूद निजी निवेश की गति मंद पड़ रही है। समाज का अंतिम जन आगे नहीं बढ़ पा रहा है। हमें इस पर सोचना होगा, क्योंकि अर्थव्यवस्था की धुरी में उसकी भी उपस्थिति है। ऐसी कुछ नाउम्मीदियों के बीच भी यह उम्मीद बाकी है कि देश आगे बढ़ता रहेगा।

# बड़ी कीमत चुकाएगा पाकिस्तान, भारत ने शुरू की कार्रवाई

पहलगाम आतंकी हमले के बाद उपजे आक्रोश को देखते हुए भारत सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में कुछ कूटनीतिक कदम उठाए गए हैं। इनमें सबसे अहम है सिंधु जल संधि को स्थगित करना। इसके अतिरिक्त, राजनयिक उपस्थिति न्यूनतम करने, पाकिस्तानियों के वीजा रद करने और अटारी-वाघा सीमा बंद करने का निर्णय भी लिया गया है।

पाकिस्तान का गठन ही भारत से नफरत के आधार पर हुआ और अपने अस्तित्व में आने के बाद से उसने भारत के साथ अपने संबंध तल्ख बनाए रखे। तल्खी के इस लंबे अध्याय के बीच प्रत्यक्ष एवं परोक्ष युद्धों और निरंतर प्रायोजित आतंकवाद के बावजूद भारत ने 1960 में अस्तित्व में आए सिंधु जल समझौते को कभी स्थगित नहीं किया, लेकिन पहलगाम के बाद ऐसा करने में कोई संकोच नहीं किया। इस स्थगन के कार्यान्वयन और इस मामले के अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठने से जुड़े किंतु-परंतु के बीच यह तय है कि यदि इसे अपेक्षित रूप से अमल में लाया जा सका तो पहले से मुश्किलें झेल रहा पाकिस्तान त्राहिमाम करने लगेगा।

पाकिस्तान की खेती-किसानी का एक बड़ा हिस्सा इस समझौते से मिलने वाले पानी पर निर्भर है। पानी रुकने से कृषि उत्पादन घटने और खाद्य सुरक्षा का नया संकट पैदा हो सकता है। कई पाकिस्तानी शहर भी इसी पानी के भरोसे चलते हैं तो जाहिर है कि उनकी रफ्तार थम जाएगी। सिंधु जल समझौते को विश्व के सबसे उदार एवं एकतरफा फायदा पहुंचाने वाले



करारों में से एक माना जाता है, जिसका लगभग पूरा लाभ पाकिस्तान ही उठाता आया है। अतीत में भी कई बार इसे स्थगित करने की बात आई, लेकिन वह आई-गई ही रही, क्योंकि भारत की कभी ऐसी मंशा नहीं रही कि पाकिस्तानी सेना और शासकों की करतूतों की कीमत वहां की जनता चुकाए। यहां तक कि 2016 में उड़ी हमले के बाद भी सिर्फ इस अनुबंध का स्वरूप थोड़ा बदला गया, जिससे भारत को भी कुछ लाभ मिले, पर इसे ठंडे बस्ते में डालने का कदम तब भी नहीं उठाया गया। तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, मगर पहलगाम के बाद लगता है कि भारत का धैर्य अपनी सीमा को पार कर गया, जिसके बाद यह कड़ा कदम उठाना पड़ा। कूटनीतिक कदम यही संकेत करते हैं कि भारत कोई कोर-कसर नहीं छोड़ने वाला। इसके बाद सैन्य मोर्चे पर किसी गतिविधि के जरिये पाकिस्तान को सबक सिखाए जाने की सूरत से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी है कि आतंकियों को उनकी कल्पना से भी परे सजा दी जाएगी। गुरुवार को कई देशों के राजनयिकों के साथ बैठक में भारत ने वैश्विक समुदाय को वस्तुस्थिति से अवगत भी कराया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत को हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त भी किया है। भारत की प्रतिक्रिया और गतिविधियों से पाकिस्तान में डर का माहौल स्पष्ट दिख रहा है। वहां सर्जिकल या एयर स्ट्राइक जैसी किसी कार्रवाई की अटकलें लगाई जा रही हैं। भारतीय कदमों की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने शिमला समझौता रद करने और सिंधु जल समझौते को 'युद्धक कार्रवाई' करार देते हुए जवाब देने की धमकी दी है। इस सबके बीच सवाल उठता है कि जब पाकिस्तान खस्ताहाल आर्थिकी से लेकर अलगाववाद जैसी तमाम चुनौतियों से जूझ रहा है, तब उसने पहलगाम हमले जैसा दुस्साहस क्यों किया? यहां इसकी अनदेखी न की जाए कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के हालिया जहरीले भाषण के हफ्ते भर के भीतर पहलगाम में वीभत्स हमले को अंजाम दिया गया। इसके कारणों की पड़ताल करें तो पाएंगे कि पाकिस्तान इस समय अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। एक समय अमेरिकी उपयोगिता के केंद्र में रहा पाकिस्तान अब अमेरिकी नीतियों में हाशिए पर पहुंच गया है। इस्लामिक पहचान और एकजुटता को लेकर खाड़ी देशों के दम पर कूदने वाले पाकिस्तान को पश्चिम एशिया में भारत की निरंतर बढ़ती पैठ से भी बड़ा झटका लगा है।





जब हम आत्मा की आँखों से जीवन को देखते हैं, तो हमें विश्वास हो जाता है कि प्रभु हमारी संभाल कर रहे हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# आतंक पर आर-पार की तैयारी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले का स्वरूप ऐसा है कि भारत सरकार के लिए इस मसले पर ठोस कार्रवाई करना वक्त की जरूरत है। इसलिए भारत ने इस बर्बर घटना के बाद सख्त कदम उठाते हुए अगर पाकिस्तान को साफ संदेश दिया है तो यह स्वाभाविक है। यह जगजाहिर हकीकत है कि भारत में आतंकवादी गतिविधियों के पीछे पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। इसलिए भारत के सामने अब एक तरह की मजबूरी आ खड़ी हुई है कि वह आतंकवाद और उसे शह देने वाले देश के खिलाफ नीतिगत स्तर पर कोई ठोस कदम उठाए।

इसी क्रम में गुरुवार को भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध कई कड़े कदम उठाने की घोषणा की। इनमें पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा पर पाबंदी, दूतावास में राजनयिक कर्मचारियों की संख्या में कटौती, अटारी-वाघा सीमा को बंद करना और सबसे अहम छह दशक पुरानी सिंधु जल संधि के क्रियान्वयन को निलंबित करना शामिल है। जाहिर है, भारत की ओर से आतंक के विरुद्ध उठाए गए ये कदम पाकिस्तान को नागवार गुजरेंगे, लेकिन सच यह है कि लंबे समय से भारत में आतंकवाद की समस्या को और ज्यादा जटिल बनाने में पाकिस्तान की जो भूमिका रही है, उसने कई स्तर पर मुश्किलें खड़ी की हैं।



दूसरी ओर, आतंकवाद को बढ़ावा देने में अपने भूमिका पर शर्मिंदा होने के बजाय पाकिस्तान इस मसले पर आमतौर पर अपनी हठधर्मिता ही प्रदर्शित करता रहा है। इस बार भी जब भारत ने कुछ सख्ती दिखाई तो हकीकत स्वीकार करने के बजाय पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई के तौर पर भारत के साथ द्विपक्षीय शिमला समझौते को निलंबित करने, हवाई क्षेत्र और सीमाओं को बंद करने जैसे कुछ कदम उठाने की घोषणा कर दी।

सवाल है कि ऐसा करके पाकिस्तान क्या साबित करना चाहता है। पहलगाम में आतंकी हमला आतंकवादियों के अपने एजंडे के लिए क्रूरता की हर हद को पार करने की मंशा का सबूत है। वरना क्या कारण है कि कश्मीर गए जिन पर्यटकों का उद्देश्य वहां घूमना-फिरना और प्रकृति के सौंदर्य के बीच खुशी के कुछ पल गुजारना था, उन्हें भी मार डालने में आतंकियों को कोई हिचक नहीं हुई।

इस हमले का एक सीधा असर जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर चोट भी है। सवाल है कि इस तरह की क्रूरता करके आतंकवादी किसके हित में काम कर रहे हैं। समय-समय पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत सबूतों के साथ आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करता रहा है। मगर पाकिस्तान हर बार इसे महज आरोप बताता है। जबकि भारतीय सीमा में घुसपैठ से लेकर आए दिन होने वाले आतंकी हमलों में पाकिस्तान के संरक्षण के तथ्य सामने आते रहे हैं।

फिलहाल पाकिस्तान जल संकट से दो-चार है और ऐसे में अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की है तो इससे पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी। पहलगाम में पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें काफी लोगों की मौत के बाद भारत ने जो सख्त कदम उठाने की घोषणा की है, उसमें यह संदेश साफ है कि अगर पाकिस्तान आतंक के रास्ते भारत को अस्थिर करने और निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादी संगठनों को समर्थन और शह देना जारी रखता है तो उसे इसके नतीजे भी भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# बैल की याद में किसान ने बनाई समाधि, याद में बनेगा तालाब

**जरा हट के**

सौराष्ट्र के ज्यादातर किसान खेती से जुड़े हुए हैं और पहले बैल का उपयोग बहुत होता था. किसान बैल को अपने परिवार के सदस्य की तरह रखते थे. हालांकि, अब बैल की जगह मिनी ट्रैक्टर या अन्य मशीनों का ज्यादा उपयोग होता है. फिर भी, अमरेली जिले के कई किसानों ने अभी भी बैल का उपयोग बनाए रखा है. कुकावाव तालुका के बरवाला बावीसी गांव के एक किसान के 15 साल से परिवार के सदस्य समान बैल की मौत हो गई, तो उसे समाधि दी गई.

प्रवीणभाई भानुभाई डोबरिया, उम्र 50 साल, और पढ़ाई 10वीं तक की है. उनके पास 25 बीघा जमीन है और वे दो सीजन की फसल लेते हैं. सालों से वे खेती में लगे हुए हैं और खेती में पारंपरिक बैल का उपयोग करते हैं. उनके पास कानो और सुदामा नाम की बैल की जोड़ी थी, जो 15 साल पहले कुकावाव क्षेत्र से लाई गई थी. यह बैल की जोड़ी 15 साल से उनके खेती के कामों में और परिवार की तरह रखी जाती थी. बैल की उम्र बढ़ने के कारण पिछले दो साल से बैल का बुढ़ापा पालना पड़ रहा था, जिसमें कानो का अचानक निधन हो गया.



प्रवीणभाई ने बताया कि अपने परिवार की तरह रहने वाले कानो नाम के बैल की मौत से परिवार में शोक की भावना फैल गई थी. इस घटना के बाद परिवार और आसपास के पड़ोसियों में भी दुख का माहौल देखा गया. प्रवीणभाई ने बताया कि बैल को परिवार के सदस्य की तरह रखा गया था और उसके निधन के बाद खेत में उसकी समाधि बनाने का निर्णय लिया गया. परिवार के सदस्यों ने भी इस निर्णय में सहमति दिखाई. परिणामस्वरूप, बैल को अपने खेत में समाधि दी गई. बैल की याद ताजा रहे इसके लिए बैल को अपनी बाड़ी में समाधि दी गई. बैल के मोक्ष के साथ भजन-कीर्तन के दौरान 21000 रुपये की राशि एकत्र की गई. अपने गांव बरवाला में तालाब खोदने का काम शुरू किया गया, ताकि सिंचाई और नदी का पानी गांव में ही रहे. इस काम के लिए 21000 रुपये की राशि का उपयोग किया गया.

# कच्चे आम और पुदीने की चटनी




कच्चे आम और पुदीने की चटनी कई लोगों को पसंद होती है। खासकर गर्मी में यह काफी रिफ्रेशिंग होती है। इसे डाइट में शामिल करने से खाने का मजा दोगुना हो जाता है। आइए जानते हैं इसे बनाने का आसान रेसिपी।

**सामग्री :**

- 1 कप कच्चा आम (छिला हुआ और मोटा कटा हुआ)
- 1 कप ताजा पुदीना के पत्ते
- ½ कप ताजा धनिया के पत्ते
- 2-3 हरी मिर्च
- 1 इंच अदरक
- 1 चम्मच जीरा पाउडर
- ½ चम्मच काला नमक
- स्वादानुसार नमक
- 1-2 बड़े चम्मच पानी
- ½ चम्मच चीनी या गुड़ (अगर आम बहुत खट्टे हैं)

**विधि :**

सबसे पहले कच्चे आम, पुदीने के पत्ते और धनिया के पत्तों को अच्छी तरह से धो लें। आम को छीलकर मोटा-मोटा काट लें। हरी मिर्च और अदरक को मोटा-मोटा काट लें। ब्लेंडर या फूड प्रोसेसर में, कटे हुए कच्चे आम, पुदीने के पत्ते, धनिया के पत्ते, हरी मिर्च, अदरक, जीरा पाउडर, काला नमक, सामान्य नमक और 1-2 बड़े चम्मच डालें। सभी सामग्रियों को तब तक ब्लेंड करें, जब तक आपको एक स्मूद चटनी न मिल जाए। चटनी को चखें और अपनी पसंद के अनुसार नमक, काला नमक और हरी मिर्च को एड करें। अगर आम बहुत खट्टे हैं, तो आप खट्टेपन को संतुलित करने के लिए थोड़ी चीनी या गुड़ मिला सकते हैं। अगर चटनी बहुत गाढ़ी है, तो थोड़ा और पानी डालें और फिर से तब तक मिलाएं जब तक कि आप मनचाही स्थिरता प्राप्त न कर लें। आम पुदीने की चटनी को एक सर्विंग बाउल में डालें। आप इसे तुरंत स्नैक्स, भोजन या डिप के रूप में परोस सकते हैं।



## आज का राशिफल

**मेष** : नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी। एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा। जोखिम न लें।

**वृषभ** : भाग्य का साथ मिलेगा। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** : फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें।

**कर्क** : अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें।

**सिंह** : कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। किसी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें। स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी।

**कन्या** : घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**तुला** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है। सावधानी आवश्यक है। थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक** : वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**धनु** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है। भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें।

**मकर** : कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** : नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा।

**मीन** : विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# त्वचा पर दिखने वाले 5 लक्षण बताते हैं हद से ज्यादा स्ट्रेस ले रहे हैं आप

हमारी त्वचा सिर्फ हमारी सुंदरता ही नहीं, बल्कि हमारी सेहत और मानसिक स्थिति का भी आईना होती है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी, ऑफिस का प्रेशर, रिश्तों की उलझनें और भविष्य की चिंता– ये सब मिलकर हमारे शरीर में एक अदृश्य जहर घोल देते हैं जिसे हम 'स्ट्रेस' कहते हैं। यह तनाव सिर्फ दिमाग तक ही सीमित नहीं रहता, इसका असर आपकी त्वचा पर भी साफ नजर आने लगता है।




### पिंपल्स और दाने अचानक बढ़ जाना

अगर आपकी त्वचा पहले साफ-सुथरी थी और अब अचानक पिंपल्स, दाने या रैशेज दिखने लगे हैं, तो यह संकेत हो सकता है कि आप लगातार तनाव में हैं। स्ट्रेस से शरीर में कॉर्टिसोल हार्मोन बढ़ता है, जो स्किन में ऑयल प्रोडक्शन बढ़ाकर पिंपल्स को जन्म देता है।

### चेहरे की चमक का गायब हो जाना

तनाव का सबसे पहला असर आपके चेहरे की रौनक पर पड़ता है। अगर आपकी त्वचा बेजान, थकी हुई और पीली लगने लगी है, तो यह इस बात का इशारा है कि आपकी नींद, खानपान और मानसिक स्थिति असंतुलित हो चुकी है।

### त्वचा पर खुजली या एलर्जी जैसे रिएक्शन

जब आप लंबे समय तक मानसिक तनाव में रहते हैं, तो आपकी त्वचा की संवेदनशीलता बढ़ जाती है। इससे स्किन पर खुजली, लाल धब्बे या एलर्जी जैसी समस्याएं होने लगती हैं। यह आपकी बॉडी का तरीका है बताने का कि अंदर कुछ ठीक नहीं चल रहा।

### आंखों के नीचे काले घेरे

नींद की कमी, चिंता और मानसिक थकान की वजह से आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स उभर आते हैं। अगर ये लगातार गहरे होते जा रहे हैं, तो यह साफ संकेत है कि आपका तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है।

### असमय झुर्रियां और त्वचा का ढीलापन

अगर आपकी उम्र से पहले ही आपकी त्वचा ढीली पड़ने लगी है या झुर्रियां दिखने लगी हैं, तो यह सिर्फ बढ़ती उम्र का नहीं, बल्कि क्रॉनिक स्ट्रेस का संकेत हो सकता है। तनाव शरीर के कोलेजन प्रोडक्शन को कम करता है, जिससे स्किन जल्दी बूढ़ी दिखने लगती है।

### अब क्या करें?

**योग और मेडिटेशन :** हर दिन कम से कम 15 मिनट ध्यान लगाएं।

**नींद को प्राथमिकता दें :** 7–8 घंटे की नींद लेना बेहद जरूरी है।

**बैलेंस डाइट :** जंक फूड से दूर रहें और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर फूड लें।

**खुद से बात करें :** खुद को समय दें, अपनी भावनाओं को समझें और जरूरत हो तो किसी से शेयर करें।

# आपके शरीर को कितने लीटर पानी की है जरूरत

कितना पानी पिए. सेहतमंद रहने के लिए ज्यादा पानी पीना अच्छा माना जाता है. मगर हर व्यक्ति को शरीर के वजन के हिसाब से पानी पीने की जरूरत होती है और उसके लिए पहले अपना वजन माप लेना चाहिए. रोजाना सही मात्रा में पानी पीने से मेटाबॉलिज्म स्तर तेजी से बढ़ता है और भूख भी नियंत्रित रहती है. सुपर स्पेशलिस्टी के अधीक्षक डॉक्टर अक्षय श्रीवास्तव का कहना है कि शरीर के वजन के हिसाब से पानी पीने की जरूरत होती है और उसके लिए पहले अपना वजन माप लेना चाहिए. शरीर के वजन के हिसाब से पानी की जरूरत जानने के लिए फॉर्मूला है और यह जानना बहुत आसान है.

45 किलो के व्यक्ति को रोजाना क्या उतना ही पानी पीने की जरूरत होगी, जितनी 85 किलो के व्यक्ति को होती है? वजन के अनुसार पानी की जरूरत का हिसाब लगाकर सही मात्रा में रोजाना पानी पी सकते हैं और यह स्वस्थ रहने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. लोगों को हमेशा इस बात की दुविधा रहती है कि आखिर किसी व्यक्ति को दिनभर में कितना पानी पीना चाहिए. आमतौर पर रोजाना 2 लीटर पानी पीने की बात कही जाती है.

एक बार शरीर का वजन किलोग्राम में जांच लिया तो उस संख्या को 30 से विभाजित करें. वजन को 30 से विभाजित करने के बाद जो संख्या आएगी कि वह लीटर में प्रतिदिन पानी पीने का हिसाब है. यानी इस फॉर्मूले के बाद पता चल जाएगा कि आखिरी शरीर के वजन के हिसाब से रोजाना कितने लीटर पानी पीना है. मान लें कि वजन 60 किलो है तो इसे 30 से



विभाजित करने पर 2 आएगा. यानी 60 किलो के वजन के व्यक्ति को रोजाना 2 लीटर पानी पीना चाहिए. अगर वजन 50 किलो है तो 2.6 लीटर (2 लीटर और 600 मिलीलीटर) पानी पिएं.

डॉक्टर अक्षय श्रीवास्तव कहना है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से वजन घटाने में भी मदद मिलती है. पर्याप्त पानी पीने से वजन नहीं बढ़ता है. पानी में कैलोरी की मात्रा बिल्कुल भी नहीं होती है. इसका मतलब है कि अगर पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं, तो अधिक मात्रा में कैलोरी की मात्रा लेने से बच जाते हैं, जिससे वजन बढ़ने का भी जोखिम नहीं होता है.

# गर्मी के सितम से बचाएगा पलाश के फूलों का शरबत

चिलचिलाती धूप, पसीने से तरबतर शरीर और गर्म हवा के थपेड़े... गर्मियों का मौसम जितना रंग–बिरंगा दिखता है, उतना ही शरीर के लिए थकाऊ और नुकसानदायक भी होता है। ऐसे में, अगर कोई प्राकृतिक चीज शरीर को ठंडक भी दे और सेहत के लिए भी वरदान साबित हो, तो उससे बेहतर भला क्या हो सकता है? जी हां, यही खासियत है पलाश के फूलों की। तेज धूप, उमस और लू से शरीर बेहाल हो जाता है। इस मौसम में शरीर को राहत देने के लिए कुछ ऐसा चाहिए जो सिर्फ ठंडक ही न दे, बल्कि अंदर से एनर्जी भी भर दे। बाजार की केमिकल वाली Summer Drinks से कहीं बेहतर है एक देसी, प्राकृतिक और औषधीय शरबत, जो सेहत भी दे, स्वाद भी और ठंडक भी।

ऐसे में, पलाश के फूलों का शरबत न सिर्फ लू से बचाता है, बल्कि आपकी स्किन और पाचन को भी फायदा पहुंचाता है। खास बात है कि इसे घर पर बनाना भी ज्यादा मुश्किल नहीं है।

### पलाश का शरबत बनाने के लिए सामग्री

- 10-15 पलाश के सूखे फूल (अगर ताजे हों तो और भी बेहतर)
- 4 कप पानी
- 1-2 चम्मच शहद या गुड़ (स्वादानुसार)
- 1/2 नींबू का रस (स्वाद के लिए)
- कुछ बर्फ के टुकड़े (अगर ठंडा पीना चाहें)



### पलाश का शरबत बनाने की विधि

अगर पलाश के फूल सूखे हैं, तो उन्हें रातभर पानी में भिगोकर रखें। ताजे फूल इस्तेमाल कर रहे हैं तो उन्हें अच्छे से धोकर 2-3 घंटे तक भिगो दें। भीगे हुए फूलों को उसी पानी में धीमी आंच पर 5-10 मिनट तक उबालें। इससे पानी में फूलों का रंग और औषधीय तत्व अच्छे से घुल जाते हैं। अब इस पानी को छान लें ताकि फूल अलग हो जाएं और केवल फ्लेवर युक्त जल बच जाए। इस गुनगुने या ठंडे किए गए पलाश जल में शहद या गुड़ डालें और अच्छे से मिलाएं। इसके बाद थोड़ा नींबू रस मिलाकर फ्लेवर को और निखार सकते हैं। चाहें तो बर्फ डालें और इसे ठंडा-ठंडा परोसें। आप चाहें तो इसे फ्रिज में ठंडा भी कर सकते हैं।

### पलाश का शरबत पीने के फायदे

**गर्मी और लू से सुरक्षा:** शरीर को ठंडक देता है और लू लगने से बचाता है।

**पाचन सुधारता है:** इसमें मौजूद प्राकृतिक तत्व पाचन क्रिया को मजबूत बनाते हैं।

**स्किन के लिए फायदेमंद:** स्किन में नमी बनाए रखता है और दाने, घमौरियों से राहत दिलाता है।

**डिटॉक्स ड्रिंक:** शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद करता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मथुरा में दर्दनाक हादसा, सीवर लाइन की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसी, दो मजदूरों की मौत

यूपी के मथुरा से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां मथुरा-वृंदावन के परिक्रमा मार्ग में श्याम कुटी के निकट सीवर लाइन की खुदाई करते समय मिट्टी धंस जाने से दो मजदूरों की मौत हो गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वृन्दावन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) प्रशांत कपिल ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के वार्ड संख्या 34 में हुआ, जहां फिरोजाबाद की एक संस्था द्वारा सीवर लाइन डालने का कार्य किया जा रहा था। एसएचओ ने बताया कि मृतकों की पहचान फिरोजाबाद के निवासी मजदूर नौरंगीलाल (34) और विजय सिंह जादौन (30) के रूप में हुई। एसएचओ कपिल के मुताबिक रात जब ये लोग परिक्रमा मार्ग में श्याम कुटी के निकट सीवर लाइन डालने के लिए खुदाई कर रहे थे, उसी समय मिट्टी का बहुत बड़ा हिस्सा धंस गया और उसके नीचे दो मजदूर दब गए। उन्होंने बताया कि उन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### यूपी में हादसा: सेल्फी लेते समय नदी में पलट गई नाव, पांच लोग डूबे; पिता-पुत्र की मौत

झांसी के एरच थाना क्षेत्र में दर्द-विदारक घटना सामने आई है। शनिवार गांव डिकौली में बेतवा नदी में नौका-विहार के दौरान सेल्फी लेते संतुलन बिगड़ने से कश्ती पलट गई। जिसमें नाव सवार पांच लोग पानी में डूब गए। ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर तीन को बाहर निकाला गया। जबकि पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कस्बा एरच में रिश्तेदारी में बच्चे का जन्मदिन पार्टी में शामिल होने कुछ लोग आए हुए थे। शनिवार सुबह समारोह के बाद राकेश कुशवाहा (40) अपने बेटे अंशुल (18) सहित अन्य पांच रिश्तेदारों के साथ डिकौली घाट के पास नहाने गए थे। इसी बीच सभी लोग स्टीमर से नौका विहार करने लगे। कुछ लोग उतरे तो कुछ सेल्फी लेने लगे। जिससे कश्ती का संतुलन बिगड़ गया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, नाव पलट गई। जिससे पांचों लोग नदी के पानी में डूब गए। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एरच थाना प्रभारी नीलेश कुमारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

### सिपाही के साथ फरार हो गई ग्राम प्रधान की पत्नी, राजस्थान से लेकर लौटी हापुड़ पुलिस

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिल में ग्राम प्रधान की पत्नी अपने सिपाही प्रेमी के साथ भाग गई। शिकायत के ऐक्शन में आई पुलिस ने उसे खोज निकाला। पुलिस ने प्रधान की पत्नी को राजस्थान से बरामद कर लिया है। महिला को लेकर हापुड़ पुलिस लौट आई और परिवार को सौंप दिया है। ग्राम पत्नी अपनी सास की देखभाल अस्पताल आई थी और वहां से फरार हो गई। महिला के पति ने राजस्थान में तैनात एक सिपाही द्वारा भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी।

दरअसल, हापुड़ देहात क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान की मां की तबियत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए जिले एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान मां की देखभाल के लिए ग्राम प्रधान ने अपनी पत्नी को वहां छोड़ा हुआ था। इस बीच 13 अप्रैल को पत्नी अपनी बीमार सास को छोड़कर सिपाही प्रेमी के साथ भाग गई।

# भारत पाकिस्तान में पानी की एक बूंद नहीं जाने देगा: पाटिल

## भारत ने पाकिस्तान को जाने वाला चिनाब नदी का पानी रोका

**नई दिल्ली.** भारत ने 24 अप्रैल को एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पाकिस्तान के साथ 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। यह फैसला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर लिया गया। इस निर्णय के तहत, भारत ने चिनाब नदी का पानी पाकिस्तान की ओर जाने से रोक दिया है, जिसका असर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में देखा जा रहा है। वहीं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की रणनीति पर काम कर रही है कि भारत से पानी की एक भी बूंद पाकिस्तान में न जाने पाए।



### चिनाब नदी का पानी रोका गया

चिनाब नदी पर बने बगलिहार जलविद्युत परियोजना के जरिए भारत ने नदी के पानी के प्रवाह को नियंत्रित करना शुरू कर दिया है। इस कदम के बाद, पाकिस्तान के सियालकोट, पंजाब में स्थित मारला हेडवर्क्स के स्थानीय लोगों ने बताया कि चिनाब नदी में पानी का स्तर काफी कम हो गया है। चिनाब नदी पाकिस्तान के कृषि और पेयजल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की रणनीति पर काम कर रही है कि भारत से पानी की एक भी बूंद पाकिस्तान में न जाने पाए। पाटिल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई निर्देश जारी किए हैं और उन पर अमल के लिए यह बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि शाह ने बैठक में इन निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा, ''हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत से पानी की एक भी बूंद पाकिस्तान में न जाने पाये।''

### क्या है पूरा मामला?

24 अप्रैल को, भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की। इस संधि के तहत, भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों, जैसे चिनाब, झेलम, और सतलुज, के पानी का बंटवारा होता है। संधि के अनुसार, चिनाब और अन्य पश्चिमी नदियों का पानी मुख्य रूप से पाकिस्तान को जाता है, जबकि भारत को सीमित उपयोग का अधिकार है। हालांकि, पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने भारत को यह कड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर किया। सरकार का कहना है कि पाकिस्तान द्वारा लगातार आतंकवाद को समर्थन और सीमा पार से होने वाली घुसपैठ के कारण यह संधि अब भारत के हितों के खिलाफ है।

# 6 आतंकवादियों के घर ब्लास्ट से गिराए



- **TRF बोला- पहलगाम हमले में हमारा हाथ नहीं**
- **पाकिस्तानी PM बोले- निष्पक्ष जांच को तैयार**

**श्रीनगर.** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हर बार आरोप लगते हैं और यह बर्दाश्त नहीं है।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जांच की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर पाकिस्तान की फौज ने लगातार दूसरे दिन LoC पर गोली बारी की। भारतीय फौज ने इसका जवाब दिया। नुकसान की खबर नहीं हैं।

इस बीच, जम्मू-कश्मीर में अब तक 6 आतंकवादियों के घर गिराए जा चुके हैं। सेना ने त्राल, अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां में सर्च ऑपरेशन के दौरान यह एक्शन लिया।

द कश्मीर रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम हमले के 3 दिन बाद अटैक की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है। हमले के बाद सबसे पहले TRF ने ही इसकी जिम्मेदारी ली थी।

गुजरात में शनिवार सुबह 1000 से ज्यादा घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सूरत और अहमदाबाद में घुसपैठियों पर कार्रवाई की। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्रियों से अपील की थी कि घुसपैठियों की जल्द से जल्द पहचान करें और उन्हें वापस उनके देश भेजें।

# 20 पर्यटकों की पैंट खुली थी, आतंकियों ने 'खतना' देखकर मारी गोली

- **पहलगाम हमले की जांच टीम का दावा**

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के पाहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों की प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त जांच टीम ने मृतकों के कपड़ों की स्थिति देखकर गंभीर बात कही है। जांचकर्ताओं ने पाया कि 26 में से 20 मृतकों की पैंटें नीचे खिसकी हुई थीं या उनकी जिप खुली थी। यह सबूत इस बात की पुष्टि करते हैं कि आतंकियों ने पहले पर्यटकों का धर्म पूछा और फिर सिर में गोली मार दी।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि आतंकियों ने पीड़ितों से आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे पहचान पत्र मांगे, 'कलमा' पढ़ने को कहा और फिर उनके नीचे के कपड़े उतरवाकर 'खतना' की जांच की। इस बर्बर तरीके से हिंदू पहचान की पुष्टि के बाद आतंकियों ने उन्हें नजदीक से गोली मार दी।



पीड़ितों के परिजन संभवतः इतने सदमे में थे कि वे शरीर पर कपड़ों की स्थिति को नहीं देख पाए। यहां तक कि कर्मचारियों ने भी शवों को वैसे ही उठाया जैसे वे थे, बस उन्हें कफन से ढक दिया। हमले में मारे गए 26 में से 25 लोग हिंदू थे औप सभी के सभी पुरुष थे।

इस वीभत्स नरसंहार की जांच अब तेजी से आगे बढ़ रही है। सूत्रों ने बताया कि त्राल, पुलवामा, अनंतनाग और कुलगाम जैसे इलाकों से करीब 70 आतंक समर्थक और 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' से पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में करीब 1,500 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें से अब संदेह की सुई 70 मुख्य संदिग्धों पर आकर ठहरी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही असली दोषियों तक पहुंचने की उम्मीद है।

यह बर्बर कृत्य न केवल मानवता को शर्मसार करता है, बल्कि क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है। पूरे देश में इस घटना को लेकर आक्रोश और शोक की लहर है।

# सिंधु जल समझौता रोकने पर भारत को बिलावल की धमकी

## बोले- सिंधु दरिया हमारा है, इसमें या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर उनका खून

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया है। उन्होंने शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिंधु नदी में या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर उनका खून बहेगा। सिंधु दरिया हमारा है और हमारा ही रहेगा।

भुट्टो ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि आप एक झटके में सिंधु जल समझौता को तोड़ दें। हम इसे नहीं मानते हैं। हमारी अवाम इसे नहीं मानती। हजारों साल से हम इस नदी के वारिस हैं।

भुट्टो बोले- पाकिस्तान की जनता बहादुर, जवाब देंगे



बिलावल ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि भारत की आबादी ज्यादा है, वो यह नहीं तय कर सकते कि पानी किसका है। पाकिस्तान की अवाम बहादुर लोग हैं, हम डटकर मुकाबला करेंगे। सरहदों पर हमारी फौज हर हमले का जवाब देने को तैयार है।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के अध्यक्ष भुट्टो ने कहा कि भारत ने पहलगाम घटना के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। अपनी कमजोरियों को छिपाने और अपने लोगों को मूर्ख बनाने के लिए, मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि को एकतरफा तरीके से रोक दिया है।

भुट्टो ने कहा कि हर पाकिस्तानी सिंधु का पैगाम लेकर दुनिया को बताएगा कि हमारे दरिया पर डाका मंजूर नहीं। दुश्मन की नजरें हमारे पानी पर हैं।

बिलावल ने कहा कि वे देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को इस बात का भरोसा दिलाना चाहते हैं कि अलग राजनीतिक दल होने के कारण भले ही उनकी राय अलग हो, लेकिन सिंधु जल संधि के मुद्दे पर वे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

### ईरान के पोर्ट पर जोरदार धमाका, 5 की मौत :700 से ज्यादा घायल

ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर शनिवार को विस्फोट में 5 लोगों की मौत हो गई और 700 से ज्यादा घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ।

ईरानी अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स को रखा जाता है, जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल फेसिलिटी भी है।

रेस्क्यू वर्कर्स हादसे वाली जगह से लोगों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। ईरानी मीडिया का कहना है कि विस्फोट की वजह से किसी एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचा है।

# गुजरात में एक हजार से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में

- **हरियाणा में 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश**

**नई दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात के अहमदाबाद (890) और सूरत (134) में पुलिस ने शनिवार को महिलाओं और बच्चों सहित करीब एक हजार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्हें भारत से निकाला जाएगा।

गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, 'इनमें से कई लोग ड्रग्स और मानव तस्करी में शामिल हैं और हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जाएगी।'

हरियाणा में राज्य सरकार ने 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश जारी किया है। अभी इन्हें हिरासत में लेने की कोई सूचना नहीं है। CM नायब सैनी ने पाकिस्तानियों को वापस भेजने के लिए गृह विभाग से प्लानिंग मांगी है।

पंजाब के अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तानी नागरिकों के भारत से जाने का सिलसिला जारी है। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 1 मई, 2025 तक भारत छोड़ने के लिए कहा है।

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा**

# 7 सफाईकर्मियों की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल

**गुरुग्राम.** गुरुग्राम के सटे हरियाणा के ही नूंह जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस घटना में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, नूंह के थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के गांव इब्राहिमवास के पास आज सुबह करीब 10 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक बेकाबू पिकअप गाड़ी ने सफाई कर रहे 11 सफाई कर्मचारियों को रौंद डाला। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल चार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मरने वालों में 6 महिलाएं हैं।



**हाईवे पर बिखरे थे लाशों के टुकड़े**

बताया जा रहा है कि आज सुबह करीब 10 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफाई कर्मचारी सफाई का काम कर रहे थे। इसी बीच, एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने इन कर्मचारियों को रौंद डाला। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि छह कर्मचारियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। इसके बाद पुलिस, एम्बुलेंस और रोड सुरक्षा एजेंसी की टीमें मौके पर पहुंचीं।

# इंडिया को पाकिस्तान से ICC इवेंट में नहीं खेलना चाहिए

- **पहलगाम आंतकी हमले के बाद सौरव गांगुली बोले**
- **हमें सख्त कदम उठाना चाहिए**



BCCI के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ ICC और एशियन चैंपियनशिप में भी नहीं खेलना चाहिए। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का नाम सामने आने के बाद ये बात कही। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी।

गांगुली ने एंजेसी से बात करते हुए कहा कि टीम इंडिया को सख्त कदम उठाना चाहिए और ICC इवेंट में भी पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना चाहिए।

दरअसल 2013 के बाद से राजनीतिक संबंध खराब होने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज का आयोजन बंद हो गया। भारत केवल पाकिस्तान से ICC इवेंट या एशियन चैंपियनशिप में ही खेलता है।

### 2012-13 में आखिरी बार हुई थी बाइलैटरल सीरीज

पाकिस्तान ने 2012-13 में आखिरी बार बाइलैटरल सीरीज के लिए भारत का दौरा किया था। उस दौरे पर 3 वनडे और 2 टी-20 मैचों की बाइलैटरल सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही थी।

वहीं टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे थे।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत नहीं गया था पाकिस्तान

इसी साल मार्च में संपन्न चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पाकिस्तान का दौरान नहीं किया था। भारत ने फाइनल सहित अपने सभी मैच दुबई में खेले। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा कर 12 साल बाद खिताब अपने नाम किया था।

# सहारनपुर में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 की मौत

यूपी के सहारनपुर के देवबंद में शनिवार सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है, क्योंकि घटना के वक्त फैक्ट्री के अंदर 10 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

विस्फोट इतना जोरदार था कि पूरी बिल्डिंग ढह गई। शवों के चीथड़े 100 से 150 मीटर दूर तक जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के समय ऐसा लगा जैसे भूकंप आ गया हो। हादसे की सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। इलाके को सील कर दिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। हादसे से गुस्साए परिजनों ने हाईवे जाम कर दिया। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि अवैध फैक्ट्री चलाई जा रही थी।

फैक्ट्री निहालखेड़ी गांव में है। यह जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर और देवबंद तहसील से करीब 8 किलोमीटर दूर है।

# 'महाराजा अग्रसेन भवन' भिवंडी के लिए गौरव

## अग्रवाल सेवा समिति भिवंडी द्वारा नवनिर्मित भवन उदघाटन में पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल का उद्गार

**भिवंडी.** अग्रवाल सेवा समिति भिवंडी द्वारा नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन भवन की तल सहित 5 मंजिला आलीशान इमारत का रंगारंग उद्घाटन रीजेंसी ग्रुप चेयरमैन प्रसिद्ध समाजसेवी, दानवीर महेश अग्रवाल के कर कमलों द्वारा अग्रवाल समाज के गणमान्य दानशूर हस्तियों की गरिमामई मौजूदगी में सम्पन्न हुआ.उक्त मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल, सांसद सुरेश म्हात्रे, भाजपा विधायक महेश चौगुले,सपा विधायक रईस शेख,मुख्य अतिथि उद्योगपति रामप्रकाश बुबना, सुरेश भगेरिया,सुशील गाड़िया,मधुसूदन अग्रवाल,जयकुमार गुप्ता, रामचंद्र रामुका,सज्जन बजाज, श्याम अग्रवाल, उद्योगपति उमाशंकर रुंगटा, देवकी जिंदल, दिलीप अग्रवाल एवं कमेटी सदस्य मुकेश बिरौलिया,नंदकिशोर अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल,गौरीशंकर अग्रवाल, गणेश चौधरी,अशोक माखरिया,प्रदीप गोयनका,अजीत छापरिया आदि उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, भिवंडी कल्याण मार्ग टेमघर में अग्रवाल सेवा समिति भिवंडी द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन का भव्य निर्माण विशेष सहयोगी दानवीर रीजेंसी ग्रुप चेयरमैन एवं अग्रवाल समाज के दानवीर हस्तियों के बहुमूल्य सहयोग से किया गया है.उद्घाटन मौके पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के संबोधन में पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल ने महाराजा अग्रसेन भवन को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि अग्रवाल समाज सदैव जनहित, सामाजिक, शैक्षणिक कार्यों में अग्रणी रहा है. इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में राजस्थानी समाज की दानशूरता,वीरता का वर्णन है.महापुरुष महाराजा अग्रसेन के नाम पर नवनिर्मित आलीशान एयरकंडीशन भवन अग्रवाल समाज का ही नहीं समूचे भिवंडीकरों का गौरव है.सामाजिक कार्यों के लिए बेहद उपयोगी आलीशान भवन की समुचित साफ-सफाई एवं देखभाल व्यवस्था पर अपेक्षित ध्यान देने की अपील उद्योगपति रामप्रकाश बुबना की समाजसेवी धर्मपत्नी शारदा बुबना ने लोगों से की. सलाहकार,ट्रस्टी मनपा पूर्व पार्षद श्याम अग्रवाल ने कहा कि, महाराजा अग्रसेन भवन का सपना समाज के दानदाताओं के अमूल्य सहयोग से साकार हुआ है. ऐतिहासिक भवन निर्माण की खातिर अग्रवाल समाज सदैव दानदाताओं का ऋणी रहेगा.महाराजा अग्रवाल समाज के बच्चों द्वारा श्रीगणेश महिमा गायन एवं महिलाओं द्वारा गणमान्य हस्तियों की खातिर अभिनंदन गीत गाकर महाराज अग्रसेन महाराज की जोरदार जयकार की.






### भवन निर्माण में सहयोगी दानदाता हुए सम्मानित

प्रमुख ट्रस्टी मंडल एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा भवन निर्माण में विशेष सहयोगी रीजेंसी ग्रुप चेयरमैन महेश अग्रवाल सहित अन्य दानदाताओं को पुष्पगुच्छ,शाल,भवन प्रतिकृति प्रदान कर सम्मानित किया गया. महाराजा अग्रसेन महाराज भवन के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले आर्किटेक्ट इंजीनियर के के दुर्राज एवं मिलिंद अग्रवाल को उनकी अमूल्य सेवाओं के लिए गौरव किया गया. महाराजा अग्रसेन भवन का प्रथम महला एवं सभागृह का निर्माण उद्योगपति हरि भगवान तोदी के सहयोग एवं ग्राउंड फ्लोर हनुमान मोतीवाले एवं सभागृह को स्व. रुक्मिणी काशीनाथ गाड़िया, दूसरा माला,सभागृह का निर्माण स्व. संतोष देवी भंवरलाल अग्रवाल, तीसरा महला का निर्माण अशोक मानसरिया, चौथा महला दीपक दुर्गाप्रसाद अग्रवाल एवं सावित्री देवी वैसवाल एवं पांचवां मंजिला मे. टापमैन इंटरनेशनल लिमिटेड के आर्थिक सहयोग से निर्माण हुआ है. आलीशान भवन में मांगलिक कार्यों पूजा,अर्चना हेतु स्व.रत्नी देवी रामस्वरूप गाड़िया के सहयोग से भगवान का भव्य मंदिर निर्मित हुआ है.

### अग्रसेन महाराजा भवन

कुल 51 एयरकंडीशन कमरों सहित 5500 वर्ग फीट का 1 बैंक्वेट हाल, भोजन हाल सहित 2 बैंक्वेट हाल, ओपन टेरेस, ओपन पार्किंग की परिपूर्ण सुविधा से सुसज्जित है.

### 5 साल बाद फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से 25 अगस्त के बीच होगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को आवेदन प्रक्रिया के लिए वेबसाइट खोल दी है। तीर्थयात्री http://kmy.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। 13 मई, 2025 आवेदन करने की अंतिम तारीख है।

इस साल उत्तराखंड और सिक्किम के रास्ते यात्रियों का 15 जत्था कैलाश मानसरोवर जाएगा। 5 जत्थे में 50-50 यात्री उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए मानसरोवर जाएंगे। वहीं, 10 जत्थे में 50-50 यात्रियों का ग्रुप सिक्किम से नाथूला होते हुए यात्रा करेगा। कैलाश मानसरोवर चीन के कब्जे वाले तिब्बत में है। विदेश मंत्रालय हर साल यात्रा का आयोजन करता है। हालांकि पिछले पांच सालों से चीन कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए भारतीयों को इजाजत नहीं दे रहा था। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद और कोविड की लहर इसकी वजह थी। अब 5 साल बाद फिर यात्रा शुरू होने वाली है। इसे भारत और चीन के बीच संबंधों को सुधारने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

## संक्षेप...

### छोटा राजन के करीबी को आरोप मुक्त करने से कोर्ट का इनकार

**मुंबई.** मकोका कोर्ट ने छोटा राजन के करीबी सहयोगी प्रदीप मडगांवकर (52) को आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया है। प्रदीप मडगांवकर पर 2006 में व्यापारियों और बिल्डरों से जबरन वसूली के मामले में मामला दर्ज किया गया था। कोर्ट ने मडगांवकर की याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस समय उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि छोटा राजन के गिरोह ने मुखबिर से 10 लाख रुपये की जबरन वसूली की और हत्या की धमकी देकर उससे और अन्य लोगों से 20 लाख रुपये की अतिरिक्त वसूली करने का प्रयास किया।

# 'पाकिस्तान भी जवाब देगा, शांत नहीं बैठेगा'

- **पहलगाम अटैक पर शरद पवार ने केंद्र सरकार को घेरा**

**सिंधुदुर्ग.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ की जा रही कड़ी कार्रवाइयों पर सावधानी बरतने की सलाह दी है और चेताया है कि इस तरह के कदमों के जवाब में पाकिस्तान भी चुप नहीं बैठेगा। सिंधुदुर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने कहा, 'आज हम कुछ निर्णय लेते हैं, लेकिन कल पाकिस्तान भी उसका जवाब देगा... मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान शांत बैठेगा।'

### पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

गौरतलब है कि कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, राजनयिक संबंधों को और कम करना, और पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना शामिल है।

इसके साथ ही वाघा-अटारी बॉर्डर, जो कि दोनों देशों के बीच इकलौता जमीनी सीमा मार्ग है, उसे बंद कर दिया गया है। पहले से ही सीमित 55 राजनयिकों की संख्या को घटाकर 30 कर दिया गया है। पाकिस्तान ने भी भारत के इन



कदमों का जवाब देते हुए सभी द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध समाप्त कर दिए हैं, अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय विमानों के लिए बंद कर दिया है, और शिमला समझौते को स्थगित करने की धमकी दी है। साथ ही पाकिस्तान ने भारत पर लगाए गए सीमा पार आतंकी हमले के आरोपों को भी खारिज किया है।

### हवाई यात्रा काफी महंगी हो जाएगी- पवार

पवार ने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के रणनीतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'यूरोप जाने वाली लगभग सभी उड़ानें पाकिस्तान के ऊपर से होकर जाती हैं। अगर यह मार्ग बंद हो जाता है तो हवाई यात्रा काफी महंगी हो जाएगी।' विशेषज्ञों के अनुसार, पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के बंद होने का असर पश्चिम एशिया, कॉकस क्षेत्र, यूरोप, ब्रिटेन और उत्तरी अमेरिका जाने वाली उड़ानों पर पड़ेगा। इससे न सिर्फ उड़ान का समय बढ़ेगा बल्कि ईंधन की खपत भी अधिक होगी, जिससे टिकटों की कीमतें बढ़ सकती हैं। पवार ने 2019 के पुलवामा हमले के बाद के हालात की भी याद दिलाई, जब पाकिस्तान ने चार महीने तक अपने हवाई क्षेत्र को बंद रखा था। उस समय भारतीय एयरलाइंस को लगभग 700 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

### सुरक्षा में भारी चूक हुई- पवार

आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में पवार ने केंद्र सरकार की नीति पर सवाल उठाए और कहा, 'सरकार कहती है कि कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो गया है। लेकिन यह घटना दिखाती है कि सुरक्षा में भारी चूक हुई है।' इस हमले और उसके बाद की घटनाओं ने भारत-पाकिस्तान संबंधों में एक बार फिर तनाव बढ़ा दिया है। अब यह देखना होगा कि दोनों देश आगे क्या कदम उठाते हैं और क्या कोई कूटनीतिक समाधान निकल पाता है या नहीं।

# 'हिंदू खरीददारी करने से पहले धर्म पूछें'



- **नितेश बोले- हनुमान चालीसा पढवाएं, जो न पढ़ सके उससे सामान न खरीदें**

**दापोली.** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने शुक्रवार को कहा कि हिंदुओं को दुकानदारों से कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। राणे ने यह टिप्पणी पहलगाम हमले के बाद की है जहां आतंकियों ने धर्म पूछकर गोलियां मारीं थीं। इसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। रत्नागिरी जिले के दापोली कस्बे में एक सभा को संबोधित करते हुए राणे ने कहा, 'उन्होंने (आतंकियों) हमें मारने से पहले हमारा धर्म पूछा। इसलिए अब हिंदुओं को भी कुछ भी खरीदने से पहले दुकानदार का धर्म पूछना चाहिए। राणे ने आगे कहा कि, जब भी आप खरीदारी करने जाएं, उनका धर्म पूछें। अगर वे कहते हैं कि वे हिंदू हैं, तो उन्हें हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए कहें। अगर वे हनुमान चालीसा का पाठ नहीं कर पाते हैं, तो उनसे कुछ भी न खरीदें।

### राणे बोले- जब औरंगजेब ने पिता को नहीं छोड़ा, ये लोग आपको कैसे छोड़ेंगे

औरंगजेब का जिक्र करते हुए राणे ने कहा कि मुगल बादशाह ने अपने पिता और भाई को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा, 'औरंगजेब को देखिए। उसने अपने पिता और भाई का भी सम्मान नहीं किया। अगर उसने अपने पिता और भाई का सम्मान नहीं किया, तो वे आप लोगों का कैसे सम्मान कर सकते हैं?'

राणे ने सभा में कहा, 'अगर वे धर्म के बारे में इस तरह का व्यवहार कर रहे हैं तो हमें उनसे चीजें क्यों खरीदनी चाहिए और उन्हें अमीर क्यों बनाना चाहिए? आप लोगों को यह संकल्प लेना होगा।

# भंगार गोदाम में भीषण आग




**उल्हास विकास संवाददाता**

**भिवंडी.** खोका कंपाऊंड स्थित पावरलूम कारखाना में रखे गए भंगार में रात को लगी भीषण आग से जलकर समूचा भंगार राख हो गया.रात करीब 11 बजे के दौरान अचानक कारखाने में एकत्रित प्लास्टिक,पुट्ठा, नली, रद्दी कागज,कपड़ा के भंगार में आग लग गई जिससे समूचा आसमान काला धुएं से भर गया.मौके पर पहुंची अग्निशमन की गाड़ियों ने कड़ी मेहनत कर करीब 4 घंटे में भीषण आग को बुझाने में कामयाबी हासिल की.कोई जनहानि नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली.

# पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा तहव्वुर

- **पुलिस बोली- घुमा-फिराकर जवाब दे रहा आतंकी हमले का मास्टरमाइंड;**
- **28 अप्रैल तक NIA हिरासत में है**

**मुंबई.** मुंबई पुलिस के मुताबिक 2008 मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 23 अप्रैल



को दिल्ली में NIA दफ्तर में आरोपी राणा से करीब 8 घंटे पूछताछ, जिसमें उसने घुमा-फिराकर जवाब दिए थे।

दिल्ली में NIA भी राणा से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश जारी है कि लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI ने 26/11 हमले के लिए 3 साल से ज्यादा समय तक क्या तैयारी की और क्या योजना बनाई थी।

राणा से उन लोगों के बारे में भी सवाल पूछे जा रहे हैं, जिनके नाम हमले के दौरान आतंकियों और उनके हैंडलर्स के बीच इंटरसेप्ट की गई बातचीत में सामने आए थे। इनमें अब्दुर रहमान हाशिम सईद, साजिद मजीद, इलियास कश्मीरी और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे बड़े आतंकी शामिल हैं।

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 28 अप्रैल तक 18 दिन की NIA कस्टडी में भेजा है। कस्टडी के दौरान NIA रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार कर रही है। आखिरी दौर की पूछताछ के बाद डिसक्लोजर स्टेटमेंट में उसे रिकॉर्ड पर लिया जाएगा। यह केस डायरी का हिस्सा होता है।

# संपत्ति विवाद को लेकर अपनी छोटी बहन की चाकू घोंपकर हत्या

**मुंबई.** संपत्ति विवाद को लेकर अपनी छोटी बहन की चाकू घोंपकर हत्या करने के आरोप में 50 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान आशीष करंदीकर के रूप में हुई है, जो बेरोजगार है और पीड़िता अनव्या करंदीकर-पिंगनकर के साथ रहता था, जो एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी। गौरतलब है कि अनव्या आरोपी के बच्चों की देखभाल कर रही थी। पुलिस के अनुसार, 45 वर्षीय अनव्या, उसका पति आशीष और भाई-बहन की मां विले पार्ले पश्चिम में एक चॉल में रहते थे। अधिकारियों ने बताया कि चॉल के पुनर्विकास को लेकर चर्चा चल रही थी, जिसके कारण अक्सर दोनों के बीच बहस होती थी। सुबह करीब 8.15 बजे उनके बीच फिर से झगड़ा हुआ और गुस्से में आकर आशीष ने कथित तौर पर अनव्या के पेट में चाकू से कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जुहू के कूपर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# वसुंधरा सप्ताह पर ब्रह्माला तालाब पर जागरूकता अभियान



**उल्हास विकास संवाददाता**

**ठाणे.** मनपा 22 अप्रैल से 1 मई तक वसुंधरा सप्ताह मना रही है। इसके तहत शुक्रवार को ब्रह्माला तालाब पर जनजागृति अभियान चलाया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए ब्रह्माला तालाब में तैरते हुए वेटलैंड स्थापित किए गए।यह पहल ठाणे मनपा और कोलगेट कंपनी के सीएसआर फंड के माध्यम से कार्यान्वित की गई। इसे भागीरथ और गुडेरा संगठनों से समर्थन प्राप्त हुआ। पर्यावरण विभाग की प्रमुख मनीषा प्रधान, ओम परालकर और प्रभाकर सोनावाले ने इस पहल का मार्गदर्शन किया।इसको स्वयंसेवकों की मदद से तालाब में छोड़ा गया।इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक कृष्णा पाटिल भी उपस्थित थे।

# पहलगाम की घटना का कड़ा निषेध




**भिवंडी.** कश्मीर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हिंदूपर्यटको की निर्मम हत्या का विरोध समूचे देश में हो रहा है.भिवंडी में शिवसेना उध्दव बालासाहेब ठाकरे पक्ष द्वारा छत्रपती शिवाजी महाराज चौक पर शहर जिला प्रमुख मनोज गगे व लोकसभा समन्वयक हनुमान पाटील, महानगर प्रमुख अरुण पाटील, जिला सचिव राजाभाऊ पुण्यार्थी,जिला संघटिका वैशाली मेस्त्री की अगुवाई में घटना का जोरदार निषेध किया और हिंदू बंधुओं को श्रद्धांजलि अर्पण की गई.शिवसेनिकों ने केंद्र सरकार से पाकिस्तान को करारा जवाब देने की मांग की. शिवसेनिकों द्वारा पाकिस्तान के विरोध में जोरदार नारे लगाए गए.आंदोलन में महिला जिला उपसंघटिका कविता भगत,तालुका संघटिका फशी ताई पाटील सहित राजेंद्र काबाडी, वैभव तूपसाखरे, गणेश मोरे, प्रशांत वसानी, मयूर कदम, प्रताप शिंदे,केदार सिंगासने, अजय तेजे,मुज्झमिल खान, शफिक अन्सारी सहित शिवसैनिक व भिवंडीकर भारी संख्या में सहभागी थे.

# 242 ग्राम मेफेड्रोन पाउडर रखने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे.** पुलिस के एंटी-नारकोटिक सेल ने ठाणे में 48 लाख रुपये से अधिक कीमत के 242 ग्राम मेफेड्रोन पाउडर रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हैदराबाद निवासी घेवरम पटेल (21) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। ठाणे पुलिस ने एक वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर सख्त कार्रवाई करते हुए शहर भर में नशीली दवाओं की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया।

पुलिस कांस्टेबल अजय सकपाल को सूचना मिली कि एक व्यक्ति किसी को ड्रग्स बेचने के इरादे से ठाणे आने वाला है। उसने अपने वरिष्ठ अधिकारी को इसकी जानकारी दी। एएनसी की एक टीम गठित की गई और ठाणे के घोड़बंदर रोड स्थित गायमुख इलाके में जाल बिछाया गया, संदेह के आधार पर पटेल को हिरासत में लिया गया और उसके पास से 242 ग्राम एमडी पाउडर बरामद किया गया, और फिर कथित तौर पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

## आम सूचना

मैं श्री उमेश असाराम खांडे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, हनुमान मंदिर के पीछे, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ009003400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रंजना बिभाई देओरे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.4.2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री उमेश असाराम खांडे**

# 'कश्मीर हमारा था, हमारा है और हमेशा हमारा ही रहेगा'



- **सुनील शेट्टी का पहलगाम हमले पर जवाब**
- **बोले- अब से अगली छुट्टी कश्मीर में होगी**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर जहां एक ओर बॉलीवुड के कई सितारों ने अपना गुस्सा जाहिर किया है। वहीं एक्टर सुनील शेट्टी ने देशवासियों से अपील की है कि वे अपनी अगली छुट्टियां कश्मीर घाटी में बिताएं। उन्होंने कहा, जो लोग नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें हमें यह संदेश देना होगा कि कश्मीर हमारा था, हमारा है और हमेशा हमारा ही रहेगा।

सुनील शेट्टी लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड्स 2025 में शामिल हुए। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, 'हमारे लिए मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। ऊपरवाला सब देख रहा है और समय आने पर सभी को जवाब भी देगा। इस वक्त हमें एकजुट रहकर सच्चे भारतीय बने रहना है। जो लोग डर और नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, उनके जाल में फंसने के बजाय हमें अपनी एकता को बनाए रखना है।

### सुनील शेट्टी ने आगे कहा..

हमें उन्हें यह दिखाना है कि कश्मीर हमारा था, हमारा है और हमेशा हमारा ही रहेगा। यही वजह है कि सेना, नेता और हर एक नागरिक इस प्रयास में शामिल हैं। अब हमें एक नागरिक के रूप में यह संकल्प लेना होगा कि हमारी अगली छुट्टी कश्मीर में ही होगी और कहीं नहीं। हमें यह दिखाना है कि हम डरते नहीं हैं और सच में हम डरते नहीं हैं।

### सुनील शेट्टी ने एकजुटता का संदेश दिया

सुनील शेट्टी ने कहा, मैंने खुद फोन करके कहा है कि अगर कल आपको लगता है कि हमें वहां आना चाहिए, चाहे एक पर्यटक के रूप में या एक कलाकार के रूप में शूटिंग करने के लिए तो हम जरूर आएंगे। अभी हमें एकजुट रहने की जरूरत है। जो लोग डर और नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, उनके बहकावे में आए बिना हमें एक साथ आना चाहिए और उन्हें दिखाना चाहिए कि कश्मीर हमारा था, हमारा है और हमेशा हमारा ही रहेगा।

## आम सूचना

मैं श्री बसवराज प्रभूराव पंचाल सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ग्राऊंड+पहला माला, गणेश चाल, शिव नगर, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 43सीओ009827200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती आशा शांताराम पाटील के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 18.4.2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री बसवराज प्रभूराव पंचाल**

## आम सूचना

मैं श्री रामचंद गोबिंदराम वनजानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ग्राऊंड फ्लोर, बैरक नं. 1666 के सामने, यू.नं. 142, शीट नं. 29, सेक्शन 26, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 48सीओ010610000) उक्त प्रॉपर्टी श्री नारायण परमानंद नागदेव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 14.11.2016 सी.नं. 712 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रामचंद गोबिंदराम वनजानी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती आरती अजय वर्मा सभी को सूचित कर रही हूं कि पोर्शन आफ रुम, मराठी स्कूल नं. 14 के पीछे, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 43सीओ020532100) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनोज टी. पाल के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 18.4.2023 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती आरती अजय वर्मा**

## आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्री सुनिल नानिकराम कोरवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि श्री नानिकराम राजुमल कोरवानी का देहांत 26 फरवरी 2023 को हो गया है. उनके नाम पर हीरो स्प्लेंडर आय स्मार्ट नं. एमएच05 डीडी 3190 है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त गाड़ी पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा उपरोक्त गाड़ी मेरे श्री सुनिल नानिकराम कोरवानी के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्री सुनिल नानिकराम कोरवानी**
फ्लैट नं. 6001, अस्तर विंग, ब्ल्युमिन गार्डन,
राधास्वामी सत्संग के पास, उल्हासनगर-3

## आम सूचना

मैं मिस ज्योति मनोज कोटवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 8, चौथा माला, सत्यम बी, अपार्टमेंट, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 11बीआय004287800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रेश्मा मनोज कोटवानी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट 29.1.2019 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 14 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 14 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**मिस ज्योति मनोज कोटवानी**

## आम सूचना

हम श्री राजा श्याम कहर व श्रीमती कन्या राजा कहर सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 203, दूसरा माला, साई शरण अपार्टमेंट, मालती अपार्टमेंट के पास, देव समाज रोड, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 50डीआय013566800) उक्त प्रॉपर्टी श्री अमोल अल्यास अमोल ठाकुर दास के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 26.11.2022 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 15 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजा श्याम कहर**
**व श्रीमती कन्या राजा कहर**







यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099